प्रेस-विज्ञप्ति 01.01.2023

मर्चेन्ट्स चैम्बर ऑफ उत्तर प्रदेश द्वारा ग्रामीण अंचल में रिजेन्सी हास्पिटल लिमिटेड के संयोजन में प्रथम बार निशुल्क स्वास्थ्य जांच एवं परीक्षण शिविर

नव वर्ष 2023 की शुभकामनाओं के साथ आपको सूचित करते हुये प्रसन्नता हो रही है कि नव वर्ष के प्रथम दिवस पर दिनांक, 01.01.2023, रविवार समय- प्रातः 10:00 से 02:00 बजे तक मर्चेन्ट्स चैम्बर ऑफ उत्तर प्रदेश द्वारा पहली बार ग्रामीण अंचल में सेवा संकल्प के तहत रिजेन्सी हास्पिटल लिमिटेड के संयोजन में स्थान- भू कैलाश आश्रम, ख्वाजगीपुर, गंगातट, चौबेपुर, कानपुर में निःशुल्क स्वास्थ्य जाँच एवं परीक्षण शिविर, आयोजित किया गया, जिसमें भू कैलाश आश्रम, एकल विद्यालय एवं आर. के. देवी आई रिसर्च इंस्टिट्यूट का सहयोग प्राप्त हुआ।

मर्चेंट चेंबर ऑफ उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष श्री अतुल कनोडिया ने कहा कि मानव सेवा से बड़ा कोई धर्म नहीं है और न ही इसका कोई अंत है। उक्त वाक्यांश को साकार करते हुए चेंबर ने अपने क्षेत्रीय स्तर से बाहर जाकर ग्रामीण अंचल में प्रथम बार निशुल्क स्वास्थ्य जांच एवं परीक्षण शिविर आयोजित किया है। इस अवसर पर श्री कनोडिया ने विशेष तौर पर डॉ ए.एस. प्रसाद, डॉ अवध दुबे, डॉक्टर अतुल कपूर, श्री विमल झाझरिया, श्री अनिल अग्रवाल जी का धन्यवाद प्रस्तुत किया साथ ही पैरामेडिकल स्टाफ एवं रीजेंसी हॉस्पिटल तथा आरके देवी आई मेमोरियल हॉस्पिटल की समस्त टीम का धन्यवाद दिया।

निशुल्क स्वास्थ्य शिविर में आए मरीजों का सर्वप्रथम पंजीकरण कराया गया तत्पश्चात उनके रोगों को समझ करके संबंधित विभाग के डॉक्टर के पास परीक्षण के लिए भेजा गया। निशुल्क स्वास्थ्य में लगभग 270 लोगों की जांच की गयी।
हड्डी एवं जोड़ रोग विशेषज्ञ में डॉ ए एस प्रसाद, डॉ आदित्य नरूला, नेत्र रोग विशेषज्ञ में डॉ अवध दुबे एवं डॉ नम्रता, महिला एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ में डॉ अलका शर्मा एवं डॉ अनामिका राय, बाल एवं शिशु रोग विशेषज्ञ में डॉक्टर फौजिया खान, जनरल फिजिशियन में डॉ. विपिन राना एवं डॉ एस.एन. शर्मा, अपनी टीम एवं पैरामेडिकल स्टाफ सहित उपस्थित थे।
शिविर में पंजीकरण स्थान पर ही मरीजों के लिए उनके भार तोलने की व्यवस्था की गई थी। ब्लड प्रेशर, ब्लड शुगर एवं कैल्शियम जांचने की मशीन अल्ट्रासाउंड बोन डेंसिटोमीटर की व्यवस्था की गई थी जिससे मरीज को उनके कैल्शियम लेवल का पता चल पा रहा था और डाक्टर्स के लिए मरीजों को दवाओं का सुझाया जाना और आसान हो गया था। शिविर में डॉक्टर्स द्वारा मरीजों को सुझाए गए दवाओं को तत्काल रूप से निःशुल्क वितरित किया गया।

शिविर में एलिम्को की टीम के अधिकारीगण उपस्थित थे उन्होंने आवश्यक मरीजों को को कृत्रिम अंगों आपको लगवाने वाले एवं व्हीलचेयर प्राप्त होने वाली सुविधा की अग्रिम कार्यवाही से अवगत कराया तथा आवश्यकतानुसार उचित कार्यवाही भी किया।

निशुल्क स्वास्थ्य शिविर में स्वैच्छिक सेवा देने वाले एकल विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाओं, बच्चों, सहित चेंबर का स्टाफ एवं हॉस्पिटल की टीम उपस्थित थी जिन्होंने स्वेच्छारियों के रूप में मरीजों के सुविधाओं की बेहतरी का ख्याल रखा और किसी भी तरह की असुविधा नहीं होने दिया।

श्री विमल झाझरिया ने कहा कि मर्चेंट्स चैंबर ने प्रथम बार सेवा विस्तार करते हुए किसी अन्य जगह में सक्रियता से हमेशा की तरह जनहित में सेवा दी है, नूतन वर्ष के इस मंगल अवसर पर इससे अधिक सर्वोत्तम कार्य और कुछ नहीं हो सकता है।

डॉ अवध दुबे ने कहा कि यह दैवीय रूप से निर्धारित किया गया जनहित में सार्थक कार्य है जिसमें हमारे मर्चेंट चैम्बर सहित उपरोक्त समस्त संस्थाओं ने तत्परता से निस्वार्थ सेवा दी है। डॉक्टर दुबे ने कहा कि हमें स्वयं सेवा के साथ-साथ समाज सेवा में उचित समय देना चाहिये, और विशेषकर उन लोगों को समर्पित करना चाहिए जिन्हें

आपके कीमती समय की आवश्यकता हो। डॉक्टर दुबे ने बताया कि इस शिविर में जांच किए गए मरीजों को एक बार रीजेंसी हॉस्पिटल एवं आरके देवी आई मेमोरियल हॉस्पिटल द्वारा निशुल्क देखा जाएगा तथा प्रख्यात डॉक्टर्स द्वारा ऑपरेशन किया जाएगा लेकिन आवश्यकतानुसार पुनः भी देखा जा सकता है।

उपस्थित लोगों में प्रमुख: श्री बी.के. लाहोटी, श्री श्याम मेहरोत्रा, श्री नरेंद्र डालमिया, श्री राजेश गुप्ता, श्री राजीव किशोर भारतीया, चैम्बर के सचिव श्री महेंद्र मोदी, चैम्बर के अन्य सदस्यगण, सहित भू-कैलाश आश्रम के सदस्य, एवं स्वैच्छिक सेवाचारी उपस्थित थे।

धन्यवाद